भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 1393

(जिसका उत्तर सोमवार, 09 फरवरी, 2026/20 माघ, 1947 (शक) को दिया जाना है)

भारत का आईएमएफ मुद्रास्फीति सूचनकांक

1393. श्री डी.एम. कथीर आनंदः

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने कृपा करेंगे किः

(क) क्या सच है कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) द्वारा वर्ष 2026 के लिए 190 देशों के मुद्रास्फीति अनुमान के अनुसार भारत 4.0% मुद्रास्फीती दर के साथ उच्च मुद्रास्फीति सूचकांक में 60वें स्थान पर है, यही हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या अमरीकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपये के कमजोर होने के कारण आयात मूल्य बढ़ा है जिसके परिणामस्वरूप स्वर्ण, चांदी और अन्य आयातित वस्तुओं के मूल्य में वृद्धि हुई है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और सरकार द्वारा इस संदर्भ में उठाए गए कदम क्या हैं?

उत्तर

वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) औपचारिक रूप से मुद्रास्फीति के स्तर के आधार पर देशों की रैंक निर्धारित नहीं करता है। 198 देशों के लिए आईएमएफ के नवीनतम मुद्रास्फीति अनुमान अक्टूबर 2025 में प्रकाशित विश्व आर्थिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) में उपलब्ध हैं**,** जिसमें कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए भारत की उपभोक्ता मूल्य मुद्रास्फीति 4.0 प्रतिशत अनुमानित है**,** जो भारत में मुद्रास्फीति की लक्ष्य दर भी है।

(ख) मुद्रा के अवमूल्यन से निर्यात प्रतिस्पर्धात्मकता के साथ-साथ आयातित वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ सकती हैं। तथापि**,** घरेलू कीमतों पर विनिमय दर अवमूल्यन का समग्र प्रभाव**,** आयातित वस्तुओं की मांग की मूल्य सापेक्षता और नीतिगत कार्रवाइयों पर निर्भर करता है। सोने और चांदी की कीमतों में हालिया वृद्धि मुख्य रूप से रुपये के कमजोर होने के बजाय इन वस्तुओं की वैश्विक मूल्य वृद्धि से प्रेरित है। बजट 2026-27 में**,** सरकार ने कई वस्तुओं के आयात पर मूल सीमा शुल्क में छूट की घोषणा की है जो विभिन्न वस्तुओं के घरेलू उत्पादन में महत्वपूर्ण इनपुट या कच्चा माल हैं और व्यक्तिगत उपयोग के लिए आयातित सभी शुल्क योग्य वस्तुओं पर शुल्क दर को 20 प्रतिशत से घटाकर 10 प्रतिशत कर दिया गया है।

****